बिहार के 51 पुरातात्विक स्थलों में शामिल हुआ डुमरिया का नागेश्वर नाथ मंदिर, कंसल्टेंट ने किया निरीक्षण

सिधवलिया। बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री व बैकुंठपुर के भाजपा विधायक मिथिलेश तिवारी की पहल पर सिधवलिया प्रखंड के डुमरिया स्थित ऐतिहासिक नागेश्वर नाथ मंदिर के जीर्णोद्धार की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। बिहार के 51 पुरातात्विक स्थलों में शामिल इस मंदिर की स्थिति जर्जर है। मंदिर के संरक्षण और विकास को लेकर बिहार सरकार की ओर से भेजे गए कंसल्टेंट ने स्थल का निरीक्षण किया।मंदिर के निरीक्षण के दौरान अंचलाधिकारी अभिषेक कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान मंदिर परिसर और आसपास की जमीन की मापी कराकर आवश्यक भूमि अधिग्रहण की संभावना पर भी चर्चा की गई, ताकि मंदिर के संरक्षण,जीर्णोद्धार और विकास कार्यों के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध हो सके।बैकुंठपुर भाजपा विधायक व बिहार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी की पहल के बाद मंदिर के विकास की दिशा में पहल तेज हुई है। निरीक्षण के बाद अब मंदिर के जीर्णोद्धार और संरक्षण से जुड़े कार्य शुरू होने की उम्मीद जगी है। इससे क्षेत्र की प्राचीन धार्मिक धरोहर को सुरक्षित रखने के साथ ही मंदिर परिसर के विकास का रास्ता भी खुल सकता है।

देसी और अंग्रेजी शराब के साथ आरोपित गिरफ्तार

थावे। थावे पुलिस ने संध्या गस्ती में देसी और अंग्रेजी शराब के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली की विदेशीटोला पोखर पर अबैध रुप से शराब की विक्री की जा रही है। पुलिस जब विदेशी टोला पोखर के पास पहुंची तो एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा।जिसे पुलिस बल द्वारा पकड़ लिया गया।पोखर के पास बथान की तलासी लेने पर 53 बोतल देसी और अंग्रेजी शराब बरामद क़ी गई। थानाध्यक्ष विभा कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित थाना क्षेत्र के विदेशीटोला गांव के राजा कुमार यादव के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कोर्ट में प्रस्तुत कर दिया गया। गस्ती के दौरान एसआई संदीप कुमार आदि पुलिस बल मौजूद थे।

थावे से बाइक चोरी

थावे। थावे थाना क्षेत्र के थावे चौराहा बेदुटोला के पास से एक व्यक्ति की बाइक अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई।यह घटना 23 अक्टूबर की बताई जा रही है।जिसको लेकर कुचायकोट थाना के खानपट्टी गांव के राज कुमार ने थाने में अज्ञात चोरो के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। राज कुमार ने प्राथमिकी में आरोप लगाया हैं कि थावे चौराहा बेदुटोला के पास बाइक लगाकर बाजार करने चला गया। जब बाजार कर वापस लौटा तो बाइक गायब थी। जबकि बाइक चिंता देवी पति हरेंद्र राम के नाम से है। काफी खोजबीन करने के बाद जब बाइक का पता नहीं चला तो राज कुमार ने थाने में अज्ञात चोरो के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। पुलिस प्राथमिकी कर चोरी की घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

अमलोरी सरसर हाईवे पर बोलेरो की टक्कर से शिक्षक की मौत

सीवान। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अमलोरी सरसर हाईवे पर बुधवार को तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गुठनी थाना क्षेत्र के भटई गांव निवासी राम छबीला राम के पुत्र नीरज कुमार दिवाकर (35) के रूप में हुई है। वह शिक्षा विभाग के अंतर्गत मुफस्सिल थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जफरा में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे।इस दर्दनाक हादसे ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। बताया जाता है कि नीरज कुमार दिवाकर की 22 अक्टूबर को ही सगाई हुई थी। घर में शादी की तैयारियों को लेकर उत्साह का माहौल था, लेकिन अचानक हुई इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। जानकारी के अनुसार, शिक्षक विद्यालय में बच्चों को पढ़ाने के बाद बाइक से सीवान स्थित अपने कमरे पर लौट रहे थे। इसी दौरान अमलोरी सरसर हाईवे पर सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह सड़क से दूर जा गिरे। गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बोलेरो भी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई, जबकि उसका चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों और राहगीरों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर मुफस्सिल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों और परिचितों में शोक की लहर है।

बालिका विद्यालय के संस्थापक सचिव को दसवीं पुण्यतिथि पर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

गोरेयाकोठी (सीवान)। रामाशीष वर्मा बालिका उच्च विद्यालय, रोशन नगर भिट्ठी के संस्थापक सचिव केशवचंद्र वर्मा की दसवीं पुण्यतिथि पर विद्यालय परिसर स्थित उनकी समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान परिजनों, शिक्षकों और गणमान्य लोगों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उनकी पत्नी प्रभावती देवी, पुत्रवधू नूतन वर्मा, पौत्र विवेक कुमार वर्मा एवं आलोक वर्मा सहित तपी प्रसाद इंटर कॉलेज के प्राचार्य निर्भय कुमार सिंह, राजकिशोर मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंदेश्वर भगत, रामाशीष वर्मा बालिका उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सीमा वर्मा, संजय तिवारी, यशवंत कुमार सिंह और अर्जुन साह समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

आधुनिक तकनीक से खेती की लागत घटाएं, उत्पादन बढ़ाएं : बीडीओ

कुचायकोट ः कुचायकोट प्रखंड क्षेत्र अतर्गत किसानों की आय बढ़ाने और खेती को अधिक लाभकारी बनाने के लिए आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाना जरूरी है।मिट्टी की गुणवत्ता के अनुरूप खाद का इस्तेमाल, उन्नत बीजों का चयन और वैज्ञानिक तरीके से खेती करने से कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है।किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर कृषि क्षेत्र में हो रहे बदलावों के साथ आगे बढ़ना चाहिए।बुधवार को कुचायकोट प्रखंड मुख्यालय स्थित ई-किसान भवन परिसर में वासंतिक (रबि)महा अभियान-2026 के तहत आयोजित प्रखंड स्तरीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीडीओ आदित्य प्रकाश ने ये बातें कहीं।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल बीडीओ ने किसानों से आधुनिक तकनीक अपनाकर खेती करने की अपील की।उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ कृषि के तौर-तरीकों में बदलाव आवश्यक है। आधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल से न केवल उत्पादन बढ़ाया जा सकता है, बल्कि खेती की लागत भी कम की जा सकती है। इसके लिए किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ उठाना चाहिए।सरकार की ओर से किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराने के साथ तकनीकी सहयोग भी दिया जा रहा है।प्रखंड कृषि पदाधिकारी करण शर्मा ने किसानों को बुआई से पहले मिट्टी की जांच कराने की सलाह दी।उन्होंने कहा कि मृदा जांच के आधार पर विशेषज्ञों की सलाह के अनुरूप ही फसलों में रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल करना चाहिए।जरूरत से अधिक रासायनिक खाद डालने से खेती की लागत बढ़ने के साथ मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी प्रभावित होती है।ऐसे में किसानों को संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए और जैविक खाद को भी प्राथमिकता देनी चाहिए।नोडल पदाधिकारी संतोष तिवारी ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों से उनका लाभ उठाने की अपील की।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान किसानों और पंचायत प्रतिनिधियों ने कृषि विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।उन्होंने आरोप लगाया कि प्रखंड स्तरीय कार्यक्रमों की सूचना किसानों को समय पर नहीं दी जाती है।कुछ चुनिंदा किसानों को बुलाकर कार्यक्रम की औपचारिकता पूरी कर ली जाती है।किसानों ने विभागीय योजनाओं का लाभ देने में कर्मियों पर भेदभाव बरतने का भी आरोप लगाया।

शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए बीडीओ ने प्रखंड कृषि पदाधिकारी से संबंधित बिंदुओं पर जानकारी ली।

साथ ही व्यवस्था में आवश्यक सुधार करने और किसानों तक योजनाओं की जानकारी समय पर पहुंचाने के निर्देश दिए।मौके पर आरडीओ अशरफ आलम, बीएसओ रूपलाल मंडल,प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि अखिलेश सिंह, उप प्रमुख प्रतिनिधि जितेंद्र चौबे, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मो.तौहीद,आमोद पांडेय, चंदन तिवारी,धनंजय ओझा,अभय सिंह सहित अन्य पदाधिकारी,कर्मी और किसान मौजूद रहे।

एससी-एसटी अत्याचार निवारण के लंबित मामलों में शीघ्र भुगतान और सुनवाई के डीएम ने दिए निर्देश

सीवान। समाहरणालय स्थित संवाद कक्ष में बुधवार को जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में अनुसूचित



जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। इसके साथ ही मैनुअल स्कैवेंजर रोजगार निषेध एवं पुनर्वास अधिनियम, 2013 के तहत भी समीक्षा की गई। बैठक में लंबित मामलों, पीड़ितों को मुआवजा भुगतान, न्यायालय में विचाराधीन मामलों और सफाईकर्मियों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर आवश्यक निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया कि प्राथमिकी दर्ज होने और आरोप पत्र दाखिल होने के बाद विभाग से प्राप्त आवंटन के आलोक में नियमानुसार पीड़ितों को मुआवजे का भुगतान शीघ्र सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय से समन्वय स्थापित कर आरोप पत्र प्राप्त करने तथा लंबित भुगतान की कार्रवाई पूरी करने को कहा।

न्यायालयों में लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने विशेष लोक अभियोजक को मामलों की प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई में तेजी लाने और दोषसिद्धि सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही, गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय से समन्वय स्थापित कर नियमानुसार आगे की कार्रवाई करने को कहा।

बैठक में सफाईकर्मियों की सुरक्षा पर भी विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने सीवान नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया कि नालों की सफाई सहित अन्य कार्यों में लगे सफाईकर्मियों को आधुनिक उपकरणों के उपयोग के प्रति जागरूक किया जाए तथा उन्हें आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं, ताकि सफाई कार्य के दौरान जोखिम कम किया जा सके। बैठक में उप विकास आयुक्त, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), सिविल सर्जन, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, विशेष लोक अभियोजक, एससी-एसटी थाना सीवान के थानाध्यक्ष सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

रसूलपुर नाटक अग्निकांड में दो आरोपित गिरफ्तार

सीवान। बड़हरिया थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में राजा हरिश्चंद्र नाटक के दौरान पंडाल में आग लगने से बच्चों के घायल होने के मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान रसूलपुर निवासी छोटेलाल मांझी और पशुराम शाह के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की जा रही है। मामले में शामिल अन्य आरोपितों के खिलाफ भी आगे की कार्रवाई जारी है।

पुलिस के अनुसार, 20 अक्टूबर 2026 को रसूलपुर गांव में राजा हरिश्चंद्र नाटक का आयोजन किया जा रहा था। इसी दौरान पंडाल में आग लग गई, जिससे कई बच्चे घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर सदर-1 के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और जामो बाजार थानाध्यक्ष ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। घायल बच्चों को प्राथमिक उपचार के लिए सदर अस्पताल, सीवान भेजा गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर विशेष मेडिकल टीम गठित की गई थी।

सड़कों की मरम्मत की मांग को लेकर कांग्रेस का धरना आज

सीवान। शहर की जर्जर सड़कों की मरम्मत, डिवाइडर पर रेडियम लाइट लगाने, चौक-चौराहों से कूड़ा प्वाइंट हटाने और जलनिकासी की समुचित व्यवस्था की मांग को लेकर कांग्रेस गुरुवार, 29 अक्टूबर को तरवारा मोड़ पर दोपहर 12 बजे से एक दिवसीय धरना देगी। इस संबंध में कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा को पत्र भेजकर शहर की प्रमुख समस्याओं के समाधान के लिए ठोस पहल करने की मांग की है।जिलाध्यक्ष ने पत्र में कहा है कि शहर में डिवाइडर से टकराकर राहगीरों के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटनाएं होती रहती हैं। ऐसे में डिवाइडर पर रेडियम लाइट लगाने और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है।उन्होंने तरवारा मोड़ से पटना, छपरा और सीवान शहर की ओर आने वाली सड़कों की जर्जर स्थिति का उल्लेख करते हुए मरम्मत कराने की मांग की है। इसके अलावा बबुनिया रोड से स्टेशन जाने वाली सड़क तथा अस्पताल रोड में चौधरी मोड़ सहित अन्य स्थानों पर क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराने की आवश्यकता बताई है।पत्र में नगर परिषद की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा गया है कि शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर स्थायी कूड़ा प्वाइंट बनाए जाने से लोगों को परेशानी हो रही है। दोपहर तक कई स्थानों पर कूड़े का ढेर जमा रहता है, जिसे आवारा पशु सड़क पर बिखेर देते हैं। वहीं, नालियों के निर्माण में खामियों के कारण जलनिकासी की समस्या बनी रहती है। बारिश होते ही जलजमाव की स्थिति नगर परिषद की व्यवस्था की खामियों को उजागर कर देती है।कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने धरने के माध्यम से इन समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन से ठोस कार्रवाई की मांग की है। पत्र की प्रतिलिपि जिला परिवहन पदाधिकारी, सीवान के अनुमंडल पदाधिकारी और नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को भी भेजी गई है।

सड़क दुर्घटना में घायल नौजवान की इलाज दौरान मौत

बड़हरिया(सीवान)। दो दिनों पूर्व बड़हरिया थाना क्षेत्र के सुंदरपुर पुल के समीप बाइक की आमने-सामने टक्कर में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की बुधवार को गोरखपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई है बताते चलें कि घटना के शिकार व्यक्ति सुंदरी गांव निवासी सही मियां का 30 वर्षीय पुत्र रफी के मियां थे गंभीर स्थिति में इन्हें बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था जहां दो दिनों तक इलाजरत रहने के बाद बुधवार को रफीक ने दम तोड़ दिया, रफीक के मौत की खबर जैसे परिजनों को हुई परिवार वालों में कोहराम मच गया, लोगों ने बताया कि रफीक मिलनसार युवक था दुर्भाग्यपूर्ण है कि दुर्घटना में इनकी मौत हुई है।

जलालपुर दुर्गा मंदिर के पास रेलवे लाइन किनारे मिला अधेड़ का शव

कुचायकोट। कुचायकोट थाना क्षेत्र के जलालपुर दुर्गा मंदिर के समीप मंगलवार की देर शाम रेलवे लाइन के किनारे एक अधेड़ का शव मिलने से इलाके में चर्चा का माहौल रहा।मृतक की पहचान विशंभरपुर थाना क्षेत्र के ईश्वरपट्टी गांव निवासी करीब 50 वर्षीय खदेरू यादव के रूप में हुई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव उनके रिश्तेदारों को सौंप दिया।इसके बाद बुधवार को स्वजनों ने उनका अंतिम संस्कार कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार की देर शाम कुचायकोट पुलिस को जलालपुर दुर्गा मंदिर के पास रेलवे लाइन के किनारे एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इस दौरान स्थानीय लोगों ने मृतक की पहचान खदेरू यादव के रूप में की।स्थानीय लोगों के अनुसार,वह अक्सर दुर्गा मंदिर के आसपास आते-जाते रहते थे। पहचान होने के बाद पुलिस ने उनके एक रिश्तेदार को मौके पर बुलाया। रिश्तेदारों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव उन्हें सौंप दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष दर्पण सुमन ने बताया कि रिश्तेदारों के अनुसार,खदेरू यादव के परिवार में कोई नहीं था। वह बीमार रहते थे और अक्सर इधर-उधर घूमकर अपना जीवन बिताते थे। रिश्तेदारों के आग्रह पर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव उन्हें सौंप दिया गया। पुलिस की मौजूदगी में उनका अंतिम संस्कार कराया गया।

पारिवारिक विवाद में मारपीट, तीन महिलाओं समेत पांच घायल

कुचायकोट। कुचायकोट थाना क्षेत्र के रामपुर माधो गांव में बुधवार को पारिवारिक विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में तीन महिलाओं समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट में भर्ती कराया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।मिली जानकारी के अनुसार,रामपुर माधो गांव निवासी सलीम आलम के परिवार में पहले से ही विवाद चल रहा था। बुधवार को किसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। इस घटना में सैमसुन नेशा, सलीम आलम,नईमा खातून,मेहरून निशा और सकहिउद्दीन आलम घायल हो गए। घटना के बाद सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया।

अस्पताल में दोपहर 12 बजे तक लटका रहा टीकाकरण वार्ड का ताला

भोरे। भोरे थाना क्षेत्र अंतर्गत रेफरल अस्पताल परिसर स्थित टीकाकरण वार्ड में मंगलवार को स्वास्थ्य कर्मियों की घोर लापरवाही सामने आई. बच्चों के नियमित टीकाकरण के लिए निर्धारित वार्ड में दोपहर 12 बजे तक ताला लटका रहा, जिसके कारण सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से नवजात शिशुओं और छोटे बच्चों को लेकर पहुंचे परिजनों को करीब चार घंटे तक भारी फजीहत झेलनी पड़ी.नियमानुसार जिस टीकाकरण कक्ष को सुबह 8 बजे खुल जाना चाहिए था, वह दोपहर 12 बजे तक बंद रहा. अस्पताल पहुंचे परिजन गोद में रोते-बिलखते बच्चों को लेकर एएनएम और कर्मियों के आने का इंतजार करते रहे, लेकिन उन्हें कोई स्पष्ट जानकारी देने वाला मौजूद नहीं था. परेशान परिजनों ने जब मामले की सूचना स्थानीय मीडियाकर्मियों को दी, तब जाकर आनन-फानन में दोपहर 12 बजे के बाद वार्ड का ताला खोला गया.परिजनों ने बयां किया दर्द,टीकाकरण केंद्र के बाहर घंटों इंतजार कर रहे परिजनों ने बताया कि वे सुबह 8 बजे ही अस्पताल पहुंच गए थे. घंटों बीत जाने के बाद भी कक्ष बंद रहा. बच्चों को भूख और गर्मी के कारण संभालना मुश्किल हो रहा था. अस्पताल का कोई भी कर्मी यह बताने को तैयार नहीं था कि टीकाकरण कब शुरू होगा या कर्मी कब तक पहुंचेंगे.ट्रेनी छात्रों के भरोसे व्यवस्था चलने का आरोप,अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि इन दिनों रेफरल अस्पताल में इंटर्नशिप करने वाले छात्र-छात्राओं की भरमार हो गई है. स्थिति यह है कि जिन प्रशिक्षुओं को वरिष्ठ डॉक्टरों की निगरानी में काम सीखना चाहिए, वही ओपीडी से लेकर इमरजेंसी तक में मरीजों की जांच और इलाज करते देखे जा रहे हैं. अनुभवी स्वास्थ्य कर्मियों की गैरमौजूदगी और लापरवाही से मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है.

टीकाकरण वार्ड के समय पर न खुलने का मामला गंभीर है। निर्धारित समय पर ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाली संबंधित एएनएम और कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है. लापरवाही पाए जाने पर आवश्यक विभागीय कार्रवाई की जाएगी। डॉ.रिशु कुमार,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी,रेफरल अस्पताल भोरे।

बिना टिकट शपथ-पत्र दाखिल करने पर अधिवक्ताओं से लेना होगा प्रतिवचन

सीवान। जिला न्यायालय, सीवान में अब बिना टिकट के शपथ-पत्र दाखिल करने की स्थिति में संबंधित अधिवक्ता से प्रतिवचन (अंडरटेकिंग) लेना अनिवार्य होगा। इस संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के प्रशासन विभाग की ओर से आवश्यक सूचना जारी की गई है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

नीरज ने मारी बाजी, जनसुराज को...

साल 2008 में नीरज कुमार को अनंत सिंह का समर्थन मिला और वह पहली बार बिहार विधान परिषद के सदस्य बने। इसके बाद 2014 में उन्होंने दूसरी बार जीत दर्ज की।

वर्ष 2020 में जेडीयू के टिकट पर चुनाव जीतकर वह तीसरी बार विधान परिषद पहुंचे। अब 2026 के चुनाव में जीत के साथ उन्होंने चौथी बार एमएलसी बनने की राह मजबूत कर ली है। पटना स्नातक सीट पर उनकी जीत जेडीयू के लिए अहम मानी जा रही है।

पिता की तरह 'मैनेजमेंट...

साबित किया है। विपरीत परिस्थितियों के बीच पटना सीट पर नीरज कुमार की शानदार जीत ने ये साफ कर दिया है कि निशांत में राजनीतिक परिस्थितियों को संभालने का हुनर मौजूद है। इस ऐतिहासिक नतीजे के बाद जेडीयू के भीतर निशांत कुमार का राजनीतिक कद और प्रभाव जेडीयू के साथ-साथ एनडीए में काफी बढ़ गया है।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने...

पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने 30 साल तक शिक्षकों के लिए कोई काम नहीं किया। शिक्षकों पर लाठियां बरसाई गईं और उनके साथ अन्याय हुआ। उन्होंने कहा कि अब वह शिक्षकों के हित में सभी जरूरी काम करेंगे और उनसे किए गए हर वादे को हर हाल में पूरा करेंगे।

प्रशांत किशोर को सारण में...

एमएलसी मदन मोहन झा को हरा दिया। सुरेश राय ने औपचारिक रूप से जन सुराज पार्टी की विधान परिषद में एंट्री करा दी है। वैसे तो जन सुराज समर्थित आफाक अहमद विधान परिषद के सदस्य रह चुके हैं, लेकिन वह निर्दलीय चुनाव जीत कर गए थे।

बिहार विधान परिषद चुनाव के नतीजों में प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी को एक तरफ सारण में झटका लगा, तो दूसरी तरफ मिथिला में पार्टी का खाता खुल गया है। सारण शिक्षक सीट से मौजूदा एमएलसी एवं जन सुराज प्रत्याशी आफाक अहमद बुरी तरह चुनाव हार गए। वहीं, मिथिला क्षेत्र की दरभंगा शिक्षक सीट पर सुरेश प्रसाद राय ने जीत दर्ज कर पीके की पार्टी को औपचारिक तौर पर विधान परिषद में एंट्री दिला दी है। जन सुराज ने आठों एमएलसी सीटों पर चुनाव लड़ा था, जिनमें से तीन पर पार्टी के कैंडिडेट हार गए। बाकी चार सीटों के अंतिम नतीजे आना बाकी हैं, लेकिन वहां पर भी मतगणना में जन सुराज उम्मीदवार पिछड़े हुए हैं।

सारण शिक्षक एमएलसी चुनाव की मतगणना के दौरान मंगलवार को जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार आफाक अहमद प्रथम वरीयता की गिनती में ही तीसरे नंबर पर पहुंच गए। पहली वरीयता में निर्दलीय लड़े भाजपा के बागी राहुल राज को सर्वाधिक 2723 वोट मिले, जबकि जेडीयू के आनंद पुष्कर को 2440 और आफाक को 1999 वोट ही मिले।

फिर दूसरी वरीयता के मतों की गिनती में भी आफाक अहमद तीसरे नंबर पर ही रहे। राहुल राज ने 1815 वोटों के बड़े अंतर से चुनाव जीत लिया। अंतिम नतीजों में राहुल राज को 4965, आनंद पुष्कर को 3150 और आफाक अहमद को 2454 वोट मिले।

राजद ने भाजपा का 30...

केंद्रों पर न तो सीसीटीवी की व्यवस्था थी और न ही सूचनाओं का सही तरीके से आदान-प्रदान किया जा रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। तेजस्वी ने कहा कि वे चुनाव आयोग का विरोध नहीं करते, बल्कि आयोग में मौजूद गलत लोगों का विरोध करते हैं।

राजद, भाजपा, जन सुराज...

बाद डॉ. राहुल राज को 4965 मत मिले, जबकि आनंद पुष्कर को 3150 मत प्राप्त हुए। प्रथम वरीयता के मतों की गिनती में किसी भी प्रत्याशी को निर्धारित बहुमत का कोटा नहीं मिलने के बाद आगे की निर्वाचन प्रक्रिया अपनाई गई, जिसके आधार पर डॉ. राहुल राज को विजयी घोषित किया गया। जीत के बाद उन्होंने वित्त रहित शिक्षकों को नियमित वेतन दिलाने और सातवें वेतनमान का लाभ दिलाने के लिए पहल करने की बात कही। उन्होंने शिक्षकों के वेतन, सेवा संबंधी सुविधाओं और अन्य लंबित मांगों को प्रमुखता से उठाने का भरोसा दिया। कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र संख्या-06 से भाजपा के वरिष्ठ नेता और निवर्तमान एमएलसी डॉ. एनके यादव ने लगातार तीसरी बार जीत दर्ज कर हैट्रिक लगाई है। मतगणना के अंतिम नतीजों में उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 11 हजार से अधिक मतों के अंतर से हराया। प्रथम वरीयता के मतों की गिनती में डॉ. एनके यादव को 24,528, राजद के नितेश कुमार को 18,918 और जन सुराज के रजनीश रंजन को 15,536 मत मिले थे। जीत के लिए जरूरी 32,201 मतों का कोटा पूरा नहीं होने पर एकल संक्रमणीय मत प्रणाली के तहत द्वितीय वरीयता के मतों की गिनती की गई, जिसके बाद डॉ. यादव की बढ़त 11 हजार से अधिक हो गई। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद पूर्णिया जिला स्कूल परिसर स्थित मतगणना केंद्र के बाहर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों व आतिशबाजी के साथ जीत का जश्न मनाया। निर्वाची पदाधिकारी ने डॉ. एनके यादव को जीत का प्रमाणपत्र सौंपा।

पटना में अराजकता हटाओ...

सुविधा के लिए करीब 2,500 वर्गफुट क्षेत्र में आधुनिक कैफेटेरिया बनाया जाएगा. इसमें बैठने की जगह के साथ रसोई और काउंटर जैसी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होंगी. जलमीनार की खूबसूरती रात में भी दिखाई दे, इसके लिए वार्म एलईडी लाइटें लगाई जाएंगी. परिसर की चारदीवारी को प्राकृतिक पत्थरों से सजाने के साथ आकर्षक गेट भी बनाया जाएगा.

पटना की 108 साल पुरानी...

की सुविधा के लिए करीब 2,500 वर्गफुट क्षेत्र में आधुनिक कैफेटेरिया बनाया जाएगा. इसमें बैठने की जगह के साथ रसोई और काउंटर जैसी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होंगी. जलमीनार की खूबसूरती रात में भी दिखाई दे, इसके लिए वार्म एलईडी लाइटें लगाई जाएंगी. परिसर की चारदीवारी को प्राकृतिक पत्थरों से सजाने के साथ आकर्षक गेट भी बनाया जाएगा.

कर्मचारियों को दिवाली से...

गुणवत्ता जांचने के लिए परीक्षण और प्रमाणन सहायता, जमीन के लिए भूमि पट्टे पर लेने के लिए सहायता और फैक्ट्रियों के दैनिक काम-काज के लिए परिचालन व्यय सहायता शामिल है.

मैन्युफैक्चरर्स पर वित्तीय बोझ कम करने के मकसद से सरकार ने कैपेक्स पर विशेष ध्यान दिया है. इसके तहत पूंजीगत व्यय के लिए लिए गए टर्म लोन पर हर साल 3 फीसदी की ब्याज छूट दी जाएगी. इसके लिए सरकार ने 859 करोड़ का खास बजट तय किया है.

गड़खा में भीषण सड़क...

की 26 वर्षीय पत्नी अनुकुमारी, भगवान बाजार थाना क्षेत्र के कटरा गांव निवासी भोला प्रसाद के 15 वर्षीय पुत्र अमन कुमार तथा रतनपुरा निवासी सुरेंद्र प्रसाद के 25 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार शामिल हैं। हादसे में नौ माह की बच्ची निशु कुमारी समेत अन्य लोग भी घायल हुए हैं। मृतकों की पूरी जानकारी और पहचान की पुष्टि की प्रक्रिया जारी है।पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

चक्रवात 'अर्नब' की वजह से...

से जूझ रहा है, तो दूसरी तरफ उत्तर भारत में ठंड बढ़ने और मौसम बिगड़ने के आसार हैं। तो आइए इन 10 तस्वीरों से देखें पूरे %अर्नब% साइक्लोन का असर...

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में 28 से 30 अक्टूबर, उत्तराखंड में 28 अक्टूबर से 2 नवंबर और हिमाचल प्रदेश में 29 अक्टूबर से 2 नवंबर के बीच कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना है। ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी भी हो सकती है। दूसरी ओर, चक्रवात से जुड़े वेदर सिस्टम के प्रभाव में तेलंगाना, विदर्भ, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा और पूर्वी मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की भी आशंका है। इस तरह देश के अलग-अलग हिस्सों में कहीं तूफान, कहीं बारिश और कहीं ठंड बढ़ने के संकेत हैं।

आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम में तेज हवाओं और भारी बारिश से मौसम खराब है। वहीं, ओडिशा के बालासोर स्थित उदयपुर बीच पर समुद्र में ऊंची लहरें उठ रही हैं। पूर्वी तट पर अलग-अलग जगहों के इन हालातों से हम समझ सकते हैं कि चक्रवात का असर केवल एक शहर या राज्य तक सीमित नहीं है। इसी बीच लोग इन लहरों में भी जिंदगी का लुत्फ ले रहे हैं।

आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम में चक्रवात %अर्नब% के असर से तेज हवाएं चल रही हैं और भारी बारिश हो रही है। तूफान के कारण इलाके में मौसम काफी बिगड़ गया है। इसी बीच लोग अपनी रोजमर्रा की जिंदगी भी आराम के साथ जीने की कोशिश कर रहे हैं।

पीएनबी में 35 करोड़ की...

किसी अन्य खाते में भेज दी गई। खाता विनीत भाटी के नाम से बताया गया, लेकिन वह उनका अपना खाता नहीं था। जानकारी मिलने के बाद उन्होंने सोमवार को ब्रांच मैनेजर से फोन पर बात की। उन्हें शाखा में कार्रवाई और मामले को लेकर जानकारी दी गई। मगर बाद में एक महिला बैंक कर्मचारी ने भी फोन कर रकम वापस करने का भरोसा दिया, जिसकी रिकॉर्डिंग उनके पास है। बिरौंडा से सेक्टर-पाई क्षेत्र में रहने वाले गौतम ने बताया कि उनके पिता का खाता भी इसी शाखा में है। सोमवार को पिता को 50 हजार रुपये की जरूरत थी। बैंक पहुंचकर निकासी के लिए आवेदन किया तो पता चला कि खाते में केवल 16 हजार रुपये बचे हैं। खाते में पहले करीब 94 लाख रुपये जमा थे।

एक अन्य खाताधारक ने बताया कि उनकी मां के खाते में नोएडा एयरपोर्ट के लिए जमीन जाने के बाद करीब एक करोड़ 29 लाख रुपये का मुआवजा आया था। परिवार ने इसमें से करीब 15 लाख रुपये ही निकाले थे। आरोप है कि इसके बावजूद खाते में एक करोड़ रुपये से अधिक की रकम कम मिली। खाताधारक ने रकम की जांच और वापस दिलाने की मांग की है।

अन्य खाताधारकों ने भी एफडी और बचत खातों से रकम गायब होने की शिकायत की। एक व्यक्ति के मुताबिक उनकी करीब 15 लाख रुपये की एफडी थी। बैंक पहुंचने पर उन्हें पता चला कि एफडी खत्म हो चुकी है। संजय नाम के एक अन्य व्यक्ति ने आरोप लगाया कि उनकी करीब 10 लाख रुपये की एफडी तोड़कर रकम किसी दूसरे खाते में ट्रांसफर कर दी गई। वहीं हनीफ ने आरोप लगाया कि उनके खाते से करीब 39 लाख रुपये निकाल लिए गए। उनका कहना है कि हेड ऑफिस में संपर्क करने के बाद भी उन्हें संतोषजनक आश्वासन नहीं मिला।मंगलवार को कई खाताधारक बैंक पहुंचे। आरोप है कि करीब 50 लोगों ने बैंक परिसर में हंगामा कर रकम वापस कराने और जिम्मेदार कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की। विनीत ने अपने मोबाइल से डायल-112 पर सूचना दी। आरोप है कि मौके पर मौजूद बैंक कर्मचारियों ने कई खातों में करीब 35 करोड़ रुपये की हेराफेरी की बात बताई। हालांकि, इस रकम और प्रभावित खातों की वास्तविक संख्या की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। खाताधारकों का कहना है कि उनकी जीवनभर की जमा पूंजी बैंक में सुरक्षित नहीं रही तो वे कहां जाएं। फिलहाल पुलिस शिकायतों और बैंक से मिली जानकारी के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

वहीं पुलिस का कहना है कि पुलिस के मुताबिक करीब 16 लोगों के साथ धोखाधड़ी की बात सामने आई है। बैंक की एंटी करप्शन टीम की ओर से भी मामले की जांच कराई जा रही है। जिन बैंक मैनेजर और कर्मियों की भूमिका गड़बड़ी सामने आई है। उन्हें निलंबित कर दिया गया है। बैंक की ओर से तीन से चार दिन में रकम वापसी का आश्वासन दिया गया है। एडीसीपी ग्रेटर नोएडा संतोष कुमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

पासपोर्ट वेरिफिकेशन रिपोर्ट में...

सूचीबद्ध किया गया। याची ने अपना पासपोर्ट फिर से जारी करने की मांग की थी। उन्होंने बताया कि उनके खिलाफ दर्ज एक आपराधिक मामले से जुड़ी पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट के कारण उनका आवेदन गत 12 मई से लंबित था। सरकारी वकील ने कोर्ट को बताया कि मामले की जांच के बाद पुलिस ने याची के संबंध में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी है। यह भी बताया गया कि सह अभियुक्त राम ध्यान के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई। साथ ही पुष्टि की गई कि याची का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। इन परिस्थितियों को देखते हुए कोर्ट ने कहा कि क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी को याची के शैक्षणिक रिकॉर्ड, जन्म तिथि, नाम और अन्य विवरणों की जांच करने के बाद लंबित आवेदन पर निर्णय लेना चाहिए।कोर्ट ने संबंधित प्राधिकरण को आदेश दिया कि इस आदेश की प्रमाणित प्रति पेश किए जाने के छह सप्ताह के भीतर आवेदन का निस्तारण किया जाए। कोर्ट ने सटीक पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट की आवश्यकता पर भी जोर देते हुए कहा कि हर पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट में पुलिस अधिकारी केवल केस क्राइम नंबर या अदालत में दाखिल चार्जशीट का विवरण देकर अपना काम पूरा नहीं मान सकते। रिपोर्ट में यह स्पष्ट होना चाहिए कि पासपोर्ट आवेदक के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल की गई है या नहीं और यदि हां तो अदालत ने उस पर संज्ञान लिया है या नहीं। साथ ही चार्जशीट अदालत में पेश नहीं की गई तो यह भी स्पष्ट किया जाना चाहिए कि उसकी मौजूदा स्थिति क्या है। कोर्ट ने कहा कि रिपोर्ट में यह भी बताया जाना चाहिए कि मजिस्ट्रेट ने क्लोज़र रिपोर्ट पर कोई आदेश किया है या नहीं। यदि मुकदमा शुरू हो गया तो उसकी स्थिति भी बताई जानी चाहिए। उचित सत्यापन के बाद पासपोर्ट कार्यालय या विदेश मंत्रालय को भेजे जाने वाले पुलिस सत्यापन फॉर्म में ये सभी विवरण शामिल होने चाहिए। इसलिए कोर्ट ने प्रदेश के डीजीपी को आदेश का पालन सुनिश्चित करने और रजिस्ट्रार जनरल के माध्यम से हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।

स्वत्वाधिकारी : ज्ञानमंडल प्रा. लिमिटेड के लिए **शिवशंकर दूबे** द्वारा शाश्वत प्रिण्टर्स यन्त्रालय, मजहरुल हक पथ, पटना से मुद्रित तथा शाश्वत प्रिण्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, मजहरुल हक पथ, पटना-८०००१ से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

प्रबंध सम्पादक एवं व्यवस्थापक : **शशि शुक्ला**

स्थानीय सम्पादक : **दीपक पांडेय**

वाराणसी : संत कबीर मार्ग, **गोरखपुर :** बैंक रोड, **प्रयागराज :** 3, लीडर रोड, **कानपुर :** बासमंडी, **झांसी :** झोंकनबाग, **लखनऊ :** 1, जांपलिंग रोड, **आगरा :** महात्मा गांधी रोड, **बरेली :** रोड नं. 3, परसाखेड़ा, **रांची :** नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया, **जमशेदपुर :** न्यू काली माटी रोड, साकची

वर्ष-३१ संख्या-०९७३९२७

आर.एन.आई. रजिस्ट्रेशन सं. ३३४४३/७९

पीबीएक्स : २२३५०७०-७१, ७२

स्थानीय समाचार डेस्क : २२३५०७०

इ-मेल : **patnaaj@gmail.com**

पटना जीपीओ रजिस्ट्रेशन संख्या : R-10/NP-16/2019-22

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन के लिए **स्थानीय सम्पादक** जिम्मेदार होंगे एवं समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होगा।